# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

**स्थान : विकास भवन सभागार, नैनीताल** **दिनांक : 05 अक्टूबर, 2021**

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जनपद नैनीताल की समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय/ अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जनपद नैनीताल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, भीमताल में किया गया। उपस्थिति संलग्नक–1 के अनुसार है।

अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से बैठक प्रारम्भ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपस्थित अधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरान्त एजेण्डा के अनुसार बैठक का संचालन किया गया।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत Google Spread Sheet पर सम्बन्धित शाखा द्वारा अद्यतन रिपोर्ट तथा आई.एम.आई.एस. की रिपोर्ट के आधार पर समीक्षा की गयी, जिसमें शाखाओं को आवंटित राजस्व ग्रामों के सापेक्ष वर्तमान तक गठित ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति, निविदा, कार्यादेश, फेज–2 की निर्मित डिटेल डी0पी0आर0 तथा लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान तक संतृप्त क्रियाशील घरेलू जल संयोजन (FHTC) का अधिष्ठापन तथा ऑनलाईन एन्ट्री की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा कार्यदायी संस्था उत्तराखण्ड जल संस्थान तथा उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अधिशासी अभियन्ताओं को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कार्यों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सभी कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्बन्धित शाखा द्वारा Google Spread Sheet तथा IMIS में अद्यतन विवरण के आधार पर निम्नानुसार समीक्षा की गयी :–

| क्र. सं. | कार्यदायी संस्था | आवंटित राजस्व ग्राम | तैयार VAP (संख्या) | गठित VWSC (संख्या) | F.H.T.C डी.पी.आर. (फेज–1) | | Detail D.P.R का विवरण (फेज–2) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | लक्ष्य | प्रगति | लक्ष्य | प्रगति |
| 1 | उ0ज0सं0 नैनीताल | 345 | 270 | 305 | 345 | 341 | 250 | 10 |
| 2 | उ0ज0सं0 हल्द्वानी | 133 | 133 | 133 | 107 | 107 | 44 | 06 |
| 3 | उ0ज0सं0 हल्द्वानी(ग्रा.) | 121 | 120 | 120 | 121 | 107 | 36 | 04 |
| 4 | उ0ज0सं0 रामनगर | 83 | 78 | 78 | 83 | 81 | 83 | 01 |
| 5 | उ0पे0नि0 भीमताल | 134 | 96 | 96 | 134 | 127 | 86 | 14 |
| 6 | उ0पे0नि0 रामनगर | 197 | 150 | 150 | 195 | 189 | 60 | 09 |
| | **योग** | 1013 | 847 | 882 | 985 | 952 | 559 | 44 |

| क्र. सं. | कार्यदायी संस्था | आवंटित राजस्व ग्राम | निविदा प्रगति (संख्या) | | निर्गत कार्यादेश (संख्या) | FHTC विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आमंत्रित | स्वीकृत | | लक्ष्य | प्रगति | प्रगति % |
| 1 | उ0ज0सं0 नैनीताल | 345 | 341 | 341 | 262 | 23470 | 10394 | 44 |
| 2 | उ0ज0सं0 हल्द्वानी | 133 | 44 | 41 | 41 | 17044 | 13044 | 77 |
| 3 | उ0ज0सं0 हल्द्वानी(ग्रा.) | 121 | 107 | 107 | 80 | 4250 | 2797 | 66 |
| 4 | उ0ज0सं0 रामनगर | 83 | 81 | 80 | 34 | 5964 | 2800 | 47 |
| 5 | उ0पे0नि0 भीमताल | 134 | 127 | 127 | 113 | 14541 | 6740 | 46 |
| 6 | उ0पे0नि0 रामनगर | 197 | 189 | 121 | 121 | 14000 | 4494 | 32 |
| | **योग (जनपद)** | 1013 | 889 | 817 | 651 | 79269 | 40269 | 51 |

उपरोक्त विवरणानुसार क्रियाशील घरेलू जल संयोजन (FHTC) के कुल लक्ष्य 79269 के सापेक्ष मात्र 40269 की प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए शीघ्र ही लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा Google Spread Sheet तथा IMIS विवरण में विवरण में दर्शित अन्तर को वास्तविक प्रगति के अनुसार IMIS में अंकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। वर्तमान तक कुल 889 निविदाओं के सापेक्ष 651 निर्गत कार्यादेशों किये गये है, जिस पर सभी शाखाओं को अधिकाधिक कार्यादेश निर्गत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। फेज–2 के अन्तर्गत

तैयार की जा रही Detail D.P.R के कुल लक्ष्य 559 के सापेक्ष शीघ्र डी0पी0आर0 तैयार करते हुए सभी शाखाओं को जनपद स्तर पर गठित तकनीकी परीक्षण समिति से परीक्षण के उपरान्त डी0पी0आर0 तैयार करते हुए अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल द्वारा डी0डब्ल्यू0एस0एम0 के सम्मुख जल जीवन मिशन के अन्तर्गत डिटेल डी0पी0आर0 तैयार किये जाने हेतु 3 अभियन्ताओं की मांग की गयी, जिस पर सदन द्वारा 2 माह की अवधि हेतु मानदेय के आधार पर प्रति अभियन्ता, रु0 15000.00 प्रति माह की दर से 3 अभियन्ताओं की तैनाती करते हुए रोडमैप के अनुसार डी0पी0आर0 तैयार कर अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु निर्धारित रोडमैप व प्रगति का विवरण प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत रुप में निम्नानुसार अवगत कराया गया :–

**वर्तमान तक स्वीकृत डी0पी0आर0 का विकासखण्डवार विवरण (धनराशि रु0 करोड़ में)**

| क्र. सं. | विकास खण्ड | योजनाओं की संख्या | लागत | परिवारों की संख्या | कार्यादेश प्रगति | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | निविदाओं की संख्या | निर्गत कार्यादेश | पूर्ण |
| 1. | हल्द्वानी | 75 | 9.99 | 7729 | 83 | 75 | 52 |
| 2 | धारी | 41 | 4.94 | 6852 | 50 | 41 | 06 |
| 3 | रामगढ़ | 76 | 9.63 | 8793 | 119 | 76 | 12 |
| 4 | बेतालघाट | 109 | 14.07 | 8993 | 130 | 109 | 39 |
| 5 | कोटाबाग | 66 | 10.03 | 8030 | 94 | 22 | 15 |
| 6 | रामनगर | 81 | 17.49 | 13846 | 139 | 58 | 35 |
| 7 | भीमताल | 73 | 7.75 | 8535 | 90 | 73 | 12 |
| 8 | ओखलकाण्डा | 95 | 10.19 | 9292 | 98 | 95 | 44 |
| योग | | **616** | **84.09** | **72070** | **803** | **549** | **215** |

अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल द्वारा अवगत कराया गया कि रोडमैप के अनुसार जनपद की समस्त डी0पी0आर0 दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक तैयार की जानी हैं, जिस पर निम्नानुसार जनपद के पाक्षिक लक्ष्यों की पूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया :–

**रोडमैप के अनुसार अवशेष डी0पी0आर0 तैयार किये जाने हेतु पाक्षिक लक्ष्य (लागत रु0 2.00 करोड़ से कम)**

(धनराशि रु0 करोड़ में)

| क्र.सं. | विकास खण्डों की संख्या | योजनाओं की संख्या | लागत | लाभान्वित किये जाने वाले परिवारों की संख्या | राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 30 सितम्बर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 1. | 08 | 25 | 17.90 | 1206 | 83 |
| दिनांक 15 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 2. | 08 | 109 | 39.81 | 8412 | 117 |
| दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 3. | 08 | 103 | 72.11 | 12457 | 159 |
| दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 4. | 01 | 124 | 75.08 | 11256 | 151 |

**रोडमैप के अनुसार अवशेष डी0पी0आर0 तैयार किये जाने हेतु पाक्षिक लक्ष्य**
**(लागत रु0 2.00 करोड़ से 5.00 करोड़ तक)**

(धनराशि रु0 करोड़ में)

| क्र.सं. | विकास खण्डों की संख्या | योजनाओं की संख्या | लागत | लाभान्वित किये जाने वाले परिवारों की संख्या | राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 30 सितम्बर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 1. | 08 | 08 | 29.05 | 6990 | 60 |
| दिनांक 15 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 2. | 08 | 25 | 53.37 | 7084 | 67 |

| क्र.सं. | विकास खण्डों की संख्या | योजनाओं की संख्या | लागत | लाभान्वित किये जाने वाले परिवारों की संख्या | राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 3. | 08 | 39 | 98.46 | 12353 | 97 |
| दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 4. | 08 | 47 | 126.89 | 16090 | 133 |

<u>रोडमैप के अनुसार अवशेष डी0पी0आर0 तैयार किये जाने हेतु पाक्षिक लक्ष्य</u>
<u>(लागत रु0 5.00 करोड़ से अधिक)</u>

(धनराशि रु0 करोड़ में)

| क्र. सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | लागत | लाभान्वित किये जाने वाले परिवारों की संख्या | राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक 15 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 1. | ओखलकाण्डा | कालाआगर पेयजल योजना | 26.35 | 1176 | 09 |
| दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 2. | हल्द्वानी | खेड़ा पम्पिंग पेयजल योजना | 8.00 | 785 | 01 |
| दिनांक 15 नवम्बर, 2021 तक तैयार की जाने वाली डी0पी0आर0 का विवरण | | | | | |
| 3. | रामगढ़ | बसगांव जी.ओ.वी. पेयजल योजना | 8.00 | 175 | 04 |
| 4. | रामगढ़ | लोशज्ञानी जी.ओ.वी. पेयजल योजना | 12.00 | 199 | 02 |

उपरोक्तानुसार डी.पी.आर. तैयार किये जाने हेतु पाक्षिक लक्ष्य निम्नवत् हैं :–

| 30 सितम्बर, 2021 तक | 15 अक्टूबर, 2021 तक | 31 अक्टूबर, 2021 तक | 15 नवम्बर, 2021 तक |
|---|---|---|---|
| 32 | 120 | 162 | 151 |
| कुल डी0पी0आर0 – 465 | | | |

<u>विकासखण्डवार संतृप्तीकरण हेतु कार्ययोजना</u>

| क्र.सं. | विकास खण्ड | वर्तमान में FHTC कवरेज प्रतिशत | 100 प्रतिशत कवरेज हेतु प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हल्द्वानी | 74.41 | दिसम्बर, 2022 |
| 2 | रामनगर | 58.52 | दिसम्बर, 2022 |
| 3 | ओखलकाण्डा | 54.67 | दिसम्बर, 2022 |
| 4 | बेतालघाट | 38.40 | दिसम्बर, 2022 |
| 5 | कोटाबाग | 64.83 | दिसम्बर, 2022 |
| 6 | धारी | 25.25 | दिसम्बर, 2022 |
| 7 | रामगढ़ | 35.29 | दिसम्बर, 2022 |
| 8 | भीमताल | 26.91 | दिसम्बर, 2022 |

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपरोक्त रोडमैप के अनुसार समस्त डी0पी0आर0 प्रत्येक दशा में निर्धारित तिथि तक तैयार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी, नैनीताल द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि मैदानी क्षेत्रों में ट्यूबवैल तथा ओ0एच0टी0 हेतु निःशुल्क भूमि की समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया तथा सिंचाई विभाग के पूर्व में स्थापित ट्यूबवैल से पेयजल योजना में जलापूर्ति किये जाने का सुझाव दिया, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सचिव, सिंचाई, उत्तराखण्ड शासन हेतु अधीनस्थ कार्यरत अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग को निर्देशित करने के सम्बन्ध में पत्रालेख तैयार करते हुए प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को डी0पी0आर0 रोडमैप के अनुसार बनाये जाने के सम्बन्ध में कन्सलटेन्सी/सहयोगी संस्थाओं तथा विभाग द्वारा तैयार की जा रही

डी0पी0आर0 हेतु वर्तमान तक आवंटित संख्यात्मक विवरण Google Spread Sheet में अपडेट करने तथा JJM whatsapp ग्रुप में दैनिक रुप से निम्नानुसार उपलब्ध कराये जाने हेतु समस्त अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देशित किया गया :–

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत तैयार की जा रही डिटेल डी0पी0आर0 (फेज–2) का विवरण

| क्र. सं. | विभाग / शाखा का नाम | लक्ष्य | कन्सल्टेन्सी / फर्म द्वारा तैयार की जा रही डिटेल डी.पी.आर. का विवरण | | | | विभाग द्वारा स्वंय तैयार की जा रही डी.पी.आर. की संख्या | कुल तैयार डी.पी. आर. की संख्या | कुल अवशेष डी.पी. आर. की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | कन्सल्टेन्सी / फर्म का नाम | आवंटित डी.पी.आर. | तैयार डी.पी. आर. की संख्या | कुल तैयार डी.पी.आर. की संख्या | | | |
| 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – |

**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन को सम्बन्धित कार्यदायी संस्था द्वारा सत्यापन हेतु प्रेषित पूर्ण एफ0एच0टी0सी0 योजनाओं की सूची के अनुसार जनपद नैनीताल हेतु सूचीबद्ध एवं अनुबन्धित, तृतीय पक्ष निगरानी एजेन्सी द्वारा किये जा रहे सत्यापन के कार्यो के सम्बन्ध में निम्नानुसार निर्देशित किया गया :–**

1. समस्त कार्य जल जीवन मिशन के दिशानिर्देशों में वर्णित मानकों के अनुरुप ही किये जायें।
2. अधिष्ठापित क्रियाशील घरेलू पेयजल संयोजनों (FHTC) में मानकों के अनुरुप पाईप लाईन निर्धारित गहराई पर स्थापित की जाये तथा किसी भी दशा में खुले में न दिखाई दे। उक्तानुसार कार्य न होने की स्थिति में सम्बधित अधिशासी अभियन्ता पूर्ण रुप से उत्तरदायी रहेंगे।
3. अधिष्ठापित क्रियाशील घरेलू पेयजल संयोजन (FHTC) लाभार्थी के घर तक हो तथा लाभार्थी परिवार हेतु सुगम हो।
4. प्रथम चरण के अन्तर्गत सम्पादित एफ0एच0टी0सी0 कार्यों के अन्तिम भुगतान से पूर्व में सम्बन्धित ठेकेदार को किये गये भुगतान, कार्यों के स्थलीय सत्यापन व गुणवत्ता को देखने के उपरान्त ही किये जायें।
5. प्रत्येक योजना में अनिवार्यतः पेयजल गुणवत्ता परीक्षण किया जाय तथा रिपोर्ट, नितान्त रुप से वांछित दस्तावेजों में उपलब्ध करायी जाय।
6. तृतीय पक्ष निगरानी एजेन्सी द्वारा किये जा रहे कार्यों के सत्यापन को पूर्व में अपने स्तर से भी जांच लिया जाय, कि समस्त कार्य मानकों के अनुरुप किये गये हैं अथवा नहीं।

**उपरोक्तानुसार कार्य न होने व भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही दर्शित होने पर सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता पर उचित कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उक्त सम्बन्ध में कोई भी शिकायत संज्ञान में आने पर सम्बन्धित कार्यदायी संस्था ही जबाबदेह रहेगी।**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत द्वितीय चरण के कार्यों तथा क्रियान्वयन चरण हेतु सहयोगी संस्थाओं को राजस्व ग्राम आवंटित किये जाने हेतु विवरण सदन के समक्ष निम्नवत् प्रस्तुत किया गया :–

| क्र. सं. | विभाग / शाखा का नाम | विकास खण्ड | सहयोगी संस्था का नाम व पता | आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी। | हल्द्वानी | 1–पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति, बण्डिया, किच्छा, जिला ऊधमसिंहनगर। | 30 |
| 2 | | हल्द्वानी | 2–जनचेतना कम्प्यूटर एजुकेशनल संस्था 199 कैलाश पैलेस, हरिद्वार रोड, देहरादून। | 29 |
| 3 | | कोटाबाग | 3–लोकचेतना विकास समिति, 113 विष्ट कॉटेज, हीराडुंगरी, अल्मोड़ा। | 30 |
| 4 | | कोटाबाग | 4–ग्रामीण विकास समिति, ग्राम पतलिया, पो0–कोटाबाग, जिला नैनीताल। | 30 |
| 5 | | कोटाबाग | 5–मॉ नन्दी देवी सेवा समिति, सुरईखेत रोड, नागार्जुन, विकास खण्ड भिकियासैंण, जिला अल्मोड़ा | 14 |
| आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या (उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी) | | | | 133 |

| क्र. सं. | विभाग/शाखा का नाम | विकास खण्ड | सहयोगी संस्था का नाम व पता | आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 6 | उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी (ग्रामीण)। | हल्द्वानी | 1–पर्यावरण एवं जन कल्याण समिति, बण्डिया, किच्छा, जिला ऊधमसिंहनगर। | 121 |
| 7 | | | 2–धरोहर विकास संस्था, धरोहर ओपन सेल्टर हाऊस, मैट्रिक्स हॉस्पिटल के पास, तिलक नगर, फेज–1, लालडांट, हल्द्वानी। | |
| 8 | | | 3–सोसाईटी फॉर द अपलिफ्टमेन्ट ऑफ विलेज एण्ड डेवलेपमेन्ट ऑफ हिमालयन एरियाज। | |
| 9 | | | 4–लोकचेतना विकास समिति, 113 बिष्ट कॉटेज, हीराडुंगरी, अल्मोड़ा। | |
| 10 | | | 5–राष्ट्रीय जनहित सेवा संस्थान, मकान नं0–59, ग्राम रुपीकुड़ा दियारी, पो0–धौलछीना, जिला अल्मोड़ा। | |
| 11 | | | 6–नियो इंटीग्रेटेड डेवलेपमेन्ट ऑफ हिमालय (निधि), ग्राम चिमस्यानौला, कॉलेज रोड, पिलखा सदन, पो0 पिथौरागढ़, जिला पिथौरागढ़ | |
| आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या (उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी–ग्रामीण) | | | | 121 |
| 12 | उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर। | रामनगर | 1–ग्रामीण विकास समिति, ग्राम पतलिया, कोटाबाग, नैनीताल। | 76 |
| 13 | | | 2–जनचेतना कम्प्यूटर एजुकेशनल संस्था, धर्मपुर चौक, देहरादून, शाखा कार्यालय मैन बाजार, कालाढुंगी, नैनीताल। | |
| 14 | | कोटाबाग | 1–ग्रामीण विकास समिति, ग्राम पतलिया, कोटाबाग, नैनीताल। | 62 |
| 15 | | | 2–जनचेतना कम्प्यूटर एजुकेशनल संस्था, धर्मपुर चौक, देहरादून, शाखा कार्यालय मैन बाजार, कालाढुंगी, नैनीताल। | |
| 16 | | बेतालघाट | 1–जनचेतना कम्प्यूटर एजुकेशनल संस्था, धर्मपुर चौक, देहरादून, शाखा कार्यालय मैन बाजार, कालाढुंगी, नैनीताल। | 59 |
| आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या (उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर) | | | | 197 |
| कुल आवंटित राजस्व ग्रामों की संख्या | | | | 451 |

उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड जल संस्थान, शाखा हल्द्वानी, हल्द्वानी(ग्रामीण) तथा उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर के क्षेत्रान्तर्गत **कुल 451 राजस्व ग्रामों को सहयोगी संस्थाओं को कार्यावंटित किये जाने का जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, नैनीताल** द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा निर्देशित किया गया कि अवशेष राजस्व ग्रामों को इच्छुक सहयोगी संस्थाओं को राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के अनुसार वांछित दस्तावेजों (1.कार्यादेश के समय पंजीकरण वैधता प्रमाण पत्र, 2. कार्यादेश के समय पूर्व के वित्तीय वर्ष की Income Tax Return तथा उसी वर्ष की ऑडिट एवं वार्षिक रिर्पोट, 3. नीति आयोग के एन0जी0ओ0 दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण) के आधार पर शीघ्र कार्यावंटन किया जाय। **उपरोक्तानुसार डी0डब्ल्यू0एस0एम0 द्वारा उक्तानुसार चयनित सहयोगी संस्थाओं को राजस्व ग्रामों के आवंटन का अनुमोदन किया गया।** नोडल अधिकारी/अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हल्द्वानी को समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अवशेष राजस्व ग्राम सहयोगी संस्थाओं को आवंटित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान–हल्द्वानी, उत्तराखण्ड जल संस्थान–हल्द्वानी (ग्रामीण), उत्तराखण्ड पेयजल निगम–भीमताल, उत्तराखण्ड पेयजल निगम–रामनगर द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत

फेज–2 की डिटेल डी0पी0आर0, तकनीकी परीक्षण समिति की दिनांक 24.09.2021 तथा 04.10.2021 को आयोजित बैठक में प्राप्त तकनीकी स्वीकृति के उपरान्त निम्नानुसार प्रस्तुत की गयी :–

सदन के सम्मुख प्रस्तुत रु0 500.00 लाख से कम लागत के प्राक्कलनों का विवरण

| क्र. सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम का नाम / संख्या | As per FHTC Estimate | | | डी0पी0आर0 लागत (लाख में) | | | | Per FHTC Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कुल परिवार | वर्तमान FHTC | अवशेष FHTC | भारत सरकार का अंश | राज्य सरकार का अंश | सामुदायिक अंशदान / युग पितीकरण | कुल लागत | |
| **उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी (फेज–2 डी0पी0आर0)** | | | | | | | | | | | | |
| 1 | हल्द्वानी | भौराला पे0यो0 | भौराला | 01 | 73 | 45 | 28 | 45.34 | 12.41 | 1.50/7.03 | 66.28 | 0.69 |
| 2 | | फतेहपुर पे0यो0 | गुजरौड़ा | 02 | 290 | 290 | 0 | 101.08 | 12.63 | 4.98/2.47 | 121.19 | 0.43 |
| 3 | कोटाबाग | बाँसी पे0यो0 | बाँसी | 01 | 175 | 0 | 175 | 143.92 | 35.26 | 5.22/14.12 | 198.52 | 1.02 |
| 4 | | देवीपुरा पे0यो0 | देवीपुरा | 01 | 20 | 0 | 20 | 21.63 | 4.95 | 0.65/2.06 | 29.30 | 1.07 |
| 5 | | नयापाण्डेगाव पे0यो0 | नयापाण्डे गांव | 02 | 109 | 109 | 0 | 45.19 | 5.65 | 1.49/1.66 | 54.00 | 0.46 |
| | योग (उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी) | | | 07 | 667 | 444 | 223 | 357.16 | 70.9 | 13.84/ 27.34 | 469.29 | |
| **उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी–ग्रामीण (लालकुआं) (फेज–2 डी0पी0आर0)** | | | | | | | | | | | | |
| 6 | हल्द्वानी | जगतपुर पे0यो0 | जगतपुर | सुन्दरपुर बेलवाल | - | - | - | 257.18 | 64.43 | 0.00 | 321.61 | 1.06 |
| | | | | जगतपुर | - | - | - | | | | | |
| | | | | रतनपुर नेगी | - | - | - | | | | | |
| | | | | बासखेड़ा ईश्वरीदत्त | - | - | - | | | | | |
| | | | | सैलाभावर महरसिंह | - | - | - | | | | | |
| | | | | सैलाभावर त्रिलोक सिंह | - | - | - | | | | | |
| 7 | | हरिपुर तुलाराम पे0यो0 | हरिपुर तुलाराम | हरिपुर तुलाराम | - | - | - | 179.18 | 45.63 | 0.00 | 224.81 | 0.42 |
| | | | | अर्जुनपुर | - | - | - | | | | | |
| 8 | | हरिपुर शिवदत्त पे0यो0 | हैड़ागज्जर | हरिपुर शिवदत्त | - | - | - | 134.53 | 34.89 | 0.00 | 169.42 | 0.55 |
| 9 | | कालूपुर पे0यो0 | सुन्दरपुर रैक्वाल | कालूपुर पोखरिया | - | - | - | 44.08 | 11.54 | 0.00 | 55.62 | 0.96 |
| | योग (उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी–ग्रामीण) | | | | - | - | - | 614.97 | 156.49 | 0.00 | 771.46 | |
| **उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर** | | | | | | | | | | | | |
| 10 | रामनगर | टाण्डा मल्लू पे0यो0 | दयारामपुर टाण्डा | दयारामपुर टाण्डा | 776 | 485 | 291 | 345.73 | 80.86 | 19.14/ 52.28 | 498.02 | 0.089 |
| | | | | धरमपुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | | जीतपुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | | कल्लनपुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | | लोकमानपुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | | शिवपुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | | सीतापुर टाण्डा | | | | | | | | |
| | | | टाण्डा मल्लू | टाण्डा मल्लू | | | | | | | | |
| | | | | मधैया | | | | | | | | |
| | योग (उत्तराखण्ड जल संस्थान, रामनगर) | | | | 776 | 485 | 291 | 345.73 | 80.86 | 19.14/52.28 | 498.02 | 0.089 |
| **उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर (फेज–2 डी0पी0आर0)** | | | | | | | | | | | | |
| 11 | रामनगर | पीपलसाना राजपुर ग्रा0स0 पेयजल योजना | पीपलसाना, राजपुर | पीपलसाना / राजपुर / वीरपुर तारा | 536 | 374 | 162 | 29.35 | 10.53 | 1.72/8.38 | 49.98 | 0.13 |
| 12 | | चैनपुरी पेयजल योजना | जस्सा गांजा | चैनपुरी | 130 | 92 | 38 | 26.91 | 8.93 | 1.57/1.93 | 39.34 | 0.28 |
| 13 | | चोरपानी गौजानी पम्पिंग पेयजल योजना | चोरपानी / गौजानी | चोरपानी / गौजानी ✓ | 566 | 434 | 132 | 253.89 | 74.24 | 14.85/ 156.82 | 499.79 | 0.73 |
| 14 | | नया झिरना ट्यूबवैल पेयजल योजना | नया झिरना | नया झिरना | 292 | 0 | 292 | 231.71 | 61.38 | 7.00/6.25 | 306.79 | 0.92 |
| 15 | | बेरिया करैलपुरी ग्रा0स0 पेयजल योजना | कन्दला | बेरिया / करैलपुरी | 212 | 177 | 35 | 68.61 | 21.13 | 4.01/6.15 | 99.90 | 0.46 |
| 16 | | ढिकुली पेयजल योजना | ढिकुली | ढिकुली | 288 | 256 | 32 | 256.04 | 74.86 | 14.97/ 4.59 | 350.47 | 1.11 |
| 17 | | छोई ग्रा0स0 पम्पिंग पेयजल योजना | छोई | किशनपुर छोई / ✓ धरमपुर बडुवा / गजपुर बडुवा / मदनपुर कुर्मी / मदनपुर बोरा / पदमपुर / श्यामपुर / भगीरथपुर / गोरखपुर / हरिपुर तिवारी / खुशालपुर बुवरा / लालपुर मोती / लालपुर लक्खी / लोकमानपुर / मोतीपुर खुशालपुर / नाथुपुर खुशालपुर / नरीपुरा / शहबाजपुर / सन्तोषपुर | 675 | 227 | 448 | 377.51 | 93 | 14.18/ 12.52 | 497.20 | 0.65 |

| क्र. सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम का नाम / संख्या | As per FHTC Estimate | | | डी0पी0आर0 लागत (लाख में) | | | | Per FHTC Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कुल परिवार | वर्तमान FHTC | अवशेष FHTC | भारत सरकार का अंश | राज्य सरकार का अंश | सामुदायिक अंशदान / युग पितीकरण | कुल लागत | |
| 18 | कोटाबाग | मोहनपुर रौतेला पेयजल योजना | पत्तापानी | भवानीपुर गड़ियाल / भवानीपुर रतिया / हिम्मतपुर गैबुआ / मोहनपुर बजवाल / मोहनपुर गैहरा / मोहनपुर रौतेला | 183 | 128 | 55 | 27.44 | 8.67 | 1.6/1.91 | 39.62 | 0.25 |
| 19 | बेतालघाट | मल्ला निगलाट पेयजल योजना | मल्ला निगलाट | मल्ला निगलाट | 112 | 109 | 3 | 10.69 | 3.85 | 0.63/3.19 | 18.36 | 0.21 |
| 20 | | चदूला पेयजल योजना | चदूला | घंघरेटी | 46 | 42 | 4 | 40.05 | 13.89 | 2.34/7.61 | 63.89 | 1.23 |
| 21 | | घंघरेटी पेयजल योजना | घंघरेटी | घंघरेटी | 155 | 1 | 154 | 90.57 | 27.34 | 5.3/10.29 | 133.50 | 0.71 |
| 22 | | रिखोली पेयजल योजना | रिखोली | रिखोली ✓ | 97 | 97 | 0 | 121.15 | 37.16 | 7.09/9.67 | 175.07 | 1.62 |
| 23 | | सेमलतिया पेयजल योजना | तल्ली सेठी | तल्ली सेठी | 21 | 3 | 18 | 9.62 | 3.35 | 0.56/1.96 | 15.49 | 0.54 |
| योग (उत्तराखण्ड पेयजल निगम–रामनगर) | | | | | 3313 | 1940 | 1373 | 1543.54 | 438.33 | 75.82/ 231.27 | 2289.40 | |
| कुल योग | | | | | 4756 | 2869 | 1887 | 2861.40 | 746.58 | 103.80/ 310.39 | 4023.17 | |

<u>पंचायत घर, विद्यालय एवं आगंनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल संयोजन की व्यवस्था हेतु प्रस्तुत प्राक्कलन</u>

(धनराशि रु0 लाख में)

| क्र. सं. | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत | योजना एवं कार्य विवरण | डी0पी0आर0 लागत |
|---|---|---|---|---|
| उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी | | | | |
| 1 | रामनगर | बैड़झाल | Estimate for arrangement of Pipe W/S in Panchayat Ghar & school campus. | 0.92 |
| 2 | रामनगर | दयारामपुर टाण्डा | Estimate for arrangement of Pipe W/S in school campus. | 0.96 |
| 3 | रामनगर | शिवलालपुर रियूनियां | Estimate for arrangement of Pipe W/S in primary school of Shivlalpur Riunia & Jogipuri Aaganbadi. | 1.55 |
| 4 | कोटाबाग | बैलपोखरा एवं धनपुर | Estimate for arrangement of Pipe W/S in panchayat bhawan Bailpokhara & Dhanpur. | 1.84 |
| 5 | रामनगर | — | Estimate for functional tap connection to aaganbadi centers in rural WSS under Ramnagar Block. | 3.13 |
| 6 | रामनगर | — | Estimate for functional tap connection to school and GP building in rural WSS under Ramnagar Block. | 1.62 |
| योग (उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी) | | | | 10.02 |

<u>उपरोक्तानुसार अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल द्वारा जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के समक्ष प्रस्तुत लागत रु0 500.00 लाख से कम के फेज–2 अन्तर्गत तैयार प्राक्कलनों एवं डिटेल डी0पी0आर0 को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया तथा (टी0ए0सी0) को उत्तरदायी मानते हुए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की आधिकारिता के अन्तर्गत रु0 500.00 लाख से कम के लागत के सभी प्राक्कलनों को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गयी।</u>

अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर द्वारा तकनीकी परीक्षण समिति से टी0ए0सी0 के उपरान्त फेज–1 के पूर्व में 2 स्वीकृत प्राक्कलन पुनर्रीक्षण हेतु निम्न विवरणानुसार प्रस्तुत किये गये :–

| क्र. सं. | विकास खण्ड | योजना का नाम | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम का नाम | As per FHTC Estimate | | | डी0पी0आर0 लागत (लाख में) | | | | Per FHTC Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | कुल परिवार | वर्तमान FHTC | अवशेष FHTC | भारत सरकार का अंश | राज्य सरकार का अंश | सामुदायिक अंशदान / युगपितीकरण | कुल लागत | |
| उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर (फेज–1 डी0पी0आर0) | | | | | | | | | | | | |
| 1 | बेतालघाट | पटोड़ी पेयजल योजना | पटोड़ी सुनस्यारी | पत्तोड़ी | 83 | 48 | 35 | 7.56 | 0.70 | 0.37 | 8.62 | 0.30 |
| 2 | बेतालघाट | नौघर पेयजल योजना | नौघर | नौघर | 193 | 132 | 61 | 12.85 | 2.20 | 0.69 | 15.74 | 0.18 |
| | कुल योग | | | | 276 | 180 | 96 | 20.41 | 2.90 | 1.06 | 24.36 | |

उपरोक्तानुसार उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर के प्राक्कलनों को संशोधन के कारण सहित प्रस्तुत प्रतिवेदन व टी0ए0सी0 समिति की संस्तुति के आधार पर सदन द्वारा पुनर्रीक्षित करने का निर्णय लिया गया।

परियोजना प्रबन्धक/सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के अन्तर्गत गोबरधन योजना के अन्तर्गत सामुदायिक बायोगैस संयत्र की तैयार डी0पी0आर0 निम्नानुसार प्रस्तुत की गयी :–

| विकास खण्ड | ग्राम पंचायत | राजस्व ग्राम | संयत्र क्षमता | कुल लागत (धनराशि लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| रामनगर | जोगीपुरा | पुछड़ी | 45 cum. | 18.26 |

उपरोक्तानुसार गोबरधन योजना के अन्तर्गत सामुदायिक बायोगैस संयत्र की डी0पी0आर0 को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। परियोजना प्रबन्धक/सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जोगीपुरा में गोबरधन योजना के क्रियान्वयन हेतु क्रियान्वयन संस्था–ग्राम पंचायत होगी, तकनीकी संस्था के रुप में राज्य स्तर से सूचीबद्ध–ग्रामीण विकास एवं शोध संस्था, सितारगंज द्वारा तथा सपोर्ट एजेन्सी का कार्य स्वजल, भीमताल, नैनीताल किया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा समस्त अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान एवं उत्तराखण्ड पेयजल निगम को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कार्यों को गम्भीरता से लेते हुए ससमय लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही, संज्ञान में आने पर सम्बन्धित को उत्तरदायी मानते हुए नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु अवगत कराया।

जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जल जीवन मिशन की निर्धारित समयावधि के अनुरुप कार्यों में प्रगति लाते हुए शीघ्रातिशीघ्र लक्ष्यों की शत–प्रतिशत प्रगति प्राप्त करने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश सभी कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये। जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार कि शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित की जबाबदेही तय करने के निर्देश दिये।

अन्त में जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। यह कार्यवृत्त जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की सहमति/अनुमोदन के उपरान्त जारी किया जा रहा है।

(धीराज सिंह गर्ब्याल)
जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जनपद नैनीताल

**कार्यालय, जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, नैनीताल।**

पत्रांक :373/डी.डब्ल्यू.एस.एम./2021–22, दिनांक : अक्टूबर, 2021

प्रतिलिपिः– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, परियोजना प्रबन्धन इकाई, स्वजल परियोजना, देहरादून को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, नैनीताल को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
4. मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।
5. जिला विकास अधिकारी, नैनीताल।
6. जिला कार्यक्रम अधिकारी, नैनीताल।
7. अधीक्षण अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी/उत्तराखण्ड पेयजल निगम, नैनीताल।
8. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, नैनीताल/हल्द्वानी/हल्द्वानी (ग्रामीण)/रामनगर।
9. अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल/रामनगर।
10. समस्त सदस्यगण, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, नैनीताल।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जनपद नैनीताल